कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री नाथूलाल माली पुत्र श्री मांगीलाल माली, गांव व्यासों का नोहरा, पोस्ट कोलीवाडा, तहसील रामगढ पचवारा, जिला दौसा।

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर दौसा व अन्य।
अपील सं0 34 / 2020

<u>निर्णय</u> दिनांक : 17.09.2020

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर दौसा, लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी रामगढ पचवारा, लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार रामगढ पचवारा से सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वॉछित सूचना / नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना / नकल प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी अति0 जिला कलक्टर दौसा, लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी रामगढ पचवारा, लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार रामगढ पचवारा को प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना एवं संलग्नक की छाया प्रति पत्रांकः डी0एम0 /कोर्ट /आरटीआई / 2020 / 1439–1442 दिनांक 21.08.2020 एवं लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी रामगढ पचवारा, लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार रामगढ पचवारा को स्मरण पत्रांक डी0एम0 /कोर्ट /आरटीआई / 2020 / 1615–593 दिनांक 04.09.2020 द्वारा प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल / सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर दौसा, जिला दौसा ने अपने पत्रांक 679 दिनांक 25.08.2020 एवं सलग्न ग्राम विकास अधिकारी के पत्र द्वारा अवगत करवाया है कि आवेदक द्वारा चाही गई सूचना का रिकार्ड ग्राम पंचायत कोलीवाडा मे नहीं है। उक्त पत्र एवं संलग्नक की छायाप्रति पत्रावली मे संलग्न है। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार रामगढ पचवारा ने अपने पत्रांक 1606 दिनांक 10.09.2020 द्वारा अवगत करवाया कि आवेदक को पत्रांक 2993 दिनांक 23.12.19 प्रेषित कर सूचना प्राप्त करने हेतु वस्तु स्थिति से अवगत करवा दिया गया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट चलने योग्य नहीं है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

(पीयुष समारिया)
जिला कलक्टर, दौसा
जिला कलेक्टर, दौसा